A: I am highly positive and hopeful for our industry. However, going forward the mode of the business operation will undergo huge changes. The top area will be our decision making system. In the last 50 odd years our decision making system has evolved from "experience" to "gut feel" to "Static MIS" to "Real time MIS". In the coming years, Artificial Intelligence( AI) will bring sea changes in our both thought process and decision making skills. However, still a large part of our industry colleagues are not prepared enough and continue to rely on their "experience" and "gut feel". Apart from the decision making technique; buying patterns, habits etc of the customers will also change in the coming years and we need to prepare ourselves from now on.

**"Readers can reach out to Mr Poddar at EMail: debashish.poddar@ffirstidea.com or Whatsapp at : 9820700090"**

Anniversary Best Wishes

वस्त्र उद्योग एवं व्यापार जगत के सबसे प्रतिष्ठित हिन्दी समाचार पत्र


SINCE 1998
**टेक्सटाइल वर्ल्ड**
को 25वीं वर्षगाँठ पर
**सत्कार ग्रुप**
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ

Satkar® SUITINGS • SHIRTINGS AN ISO 9001 : 2000 COMPANY
Shree Radhey SULZ CHANGE YOUR LIFE STYLE
Shree Laxmi SUITINGS - SHIRTINGS
CASA DOLCÉ LUXURY CRAFTED FABRIC
LA PIANO LUXURY ITALIAN FABRIC
EL SAVIÓ ITALIAN FABRIC

**SUKH SAGAR SYNTHETICS PVT. LTD.**
Regd Office: F-67,68,69 Riico Extn. Area, Biliya, Pur Road, Bhilwara
Ph. +91-1482-260281, 260581, 260981, Email: satkarsulz@yahoo.com

**SATKAR SYNTHETICS PVT. LTD.**
Regd Office: F-66, Ricco, Biliya, Pur Road, Bhilwara
Ph. 01482-294853, Mob. +91 9414115953
Email: satkarsynthetics@yahoo.com

**SHREE RADHEY SILK MILLS**
Regd Office: F-67, 2nd Floor, Riico Extn. Area, Biliya
Pur Road, Bhilwara, Tel: 01482-260417, 260617
Email: sradheymills@yahoo.co.in






# वित्त वर्ष 2022-23 में 1.34 लाख करोड़ का आंकड़ा किया पार

## गत 9 वर्ष में खादी का कारोबार 332 प्रतिशत उछला

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

गत 9 वर्ष के दौरान देश में खादी के कारोबार में भारी वृद्धि दर्ज की गई और हाल ही समाप्त हुए वित्त वर्ष 2022-23 में खादी व ग्रामोद्योग आयोग यानि केवीआईसी का कुल कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जबकि 2013-14 के कुल कारोबार केवल 31,154 करोड़ रुपए का ही था। इस प्रकार नौ वर्षों के दौरान केवीआईसी के कारोबार में 332 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। न केवल केवीआईसी के कारोबार में ही वृद्धि हुई है, अपितु इस दौरान ग्रामीण क्षैत्र में लगभग 9.55 लाख नए कारोबार भी उपलब्ध कराए गए। आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय महात्मा गांधी की प्रेरणा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की 'ब्रांड शक्ति' और देश के सुदूर गांवों में कार्यरत कारीगरों की अथक मेहनत को दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान आरंभ किया और लोगों को खादी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधान मंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने लोगों से खादी अपनाने का अनुरोध किया था और कहा था कि वे कम से एक वस्तु खादी की अवश्य खरीदें। आयोग के अध्यक्ष का कहना है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश और विदेश में हर मंच से खादी का प्रचार-प्रसार किया है, जिससे आज खादी लोकप्रियता के नये शिखर पर पहुंच चुकी है। आज खादी उत्पादों की गिनती विश्व के सबसे विश्वसनीय ब्रांडों में होती है। वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 में खादी और ग्रामोद्योग के प्रोडक्ट्स के उत्पादन में जहां 268 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं बिक्री ने सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 332 प्रतिशत के आंकड़े को छू लिया है। उनका कहना है कि कि 'मेक इन इंडिया', 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी उत्पादों' पर देश की जनता का भरोसा बढ़ा है। केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के प्रयासों से, 'स्वावलंबन से समृद्धि' के 9 ऐसे कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, जिसने खादी को नई संजीवनी दी है।

वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का उत्पादन जहां 26,109 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में यह 268 प्रतिशत के उछाल के साथ 95,957 करोड़ रुपये पहुंच गया। गत 9 वर्षों के दौरान खादी फैब्रिक के उत्पादन का नया कीर्तिमान बना और 260 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2022-23 में 2,916 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया, जबकि 2013-14 में यह केवल 811 करोड़ रुपये का ही था। खादी फैब्रिक के उत्पादन के साथ ही इनकी बिक्री ने भी एक नया इतिहास बनाया है और खादी फैब्रिक की मांग तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2013-14 में खादी फैब्रिक की बिक्री केवल 1,08 1 करोड़ रुपये थी, जो 2022-23 में 450 प्रतिशत वृद्धि के साथ 5,943 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। केवीआईसी के चेयरमैन के अनुसार कोविड-19 के बाद पूरी दुनिया में आर्गेनिक कपड़ों की मांग बढ़ी है। इसके कारण खादी के कपड़ों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा हर मंच से खादी को प्रमोट करने का भी व्यापक असर खादी के कपड़ों की बिक्री पर पड़ा है। केवीआईसी ने खादी में नए रोजगार उपलब्ध कराने में एक रिकार्ड बनाया है। वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 9.55 लाख नए रोजगार उपलब्ध कराए। हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष में केवीआईसी में कुल 1.77 करोड़ लोगों का रोजगार मिल रहा था, जबकि 2013-14 में यह संख्या 1.30 करोड़ थी। इसी प्रकार केवीआईसी में कारीगरों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है तथा 2013-14 से अब तक इनके पारिश्रमिक में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है।

खादी भवन, नई दिल्ली का रिकॉर्ड-नई दिल्ली में कनाट प्लेस स्थित 'खादी भवन' का नया बिक्री रिकॉर्ड बना तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अपील पर खादी प्रेमियों ने, 2 अक्टूबर 2022 को एक दिन में, पहली बार 1.34 करोड़ रुपये की खादी और ग्रामोद्योगी उत्पाद खरीद कर नया कीर्तिमान बना दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अभियान से देश के युवाओं को जोड़ने के लिए पीएमईजीपी एक नई योजना आरंभ की जो योजना नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनने के पीएम मोदी के सपने को साकार करती है। गरीब कल्याण और समाज के सबसे निम्न स्तर पर कार्य करने वाले कारीगरों के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग 'ग्राम विकास योजना' के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

## बांग्लादेश से गारमेण्ट का रिकॉर्ड निर्यात : वैश्विक मंदी की आहट बेअसर

नई दिल्ली/ वैश्विक आर्थिक मंदी की आहट के बावजूद चालू वित्त वर्ष (जुलाई 2022-जून 2023) के पहले 11 महीनों में गारमेण्ट का निर्यात निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए 42.63 बिलियन डॉलर के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि आर्थिक मंदी के कारण हाल के महिनों में भारत, पाकिस्तान आदि प्रमुख निर्यातक देशों से गारमेण्ट के निर्यात में कमी आई है। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महिनों में बांग्लादेश से गारमेण्ट के निर्यात में 10.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इस वृद्धि का प्रमुख कारण निटवीयर और वूवन गारमेंट की मांग में बढ़ोतरी होना है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पहले 11 महिनों में वहां से निटवीयर का निर्यात 10.92 प्रतिशत बढ़कर 23.27 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि वूवन गारमेण्ट के निर्यात में 19.35 बिलियन डॉलर पर 10.36 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

दूसरी ओर होम टेक्सटाइल के निर्यात में 1,024.98 मिलियन डॉलर पर 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के कुल निर्यात में रेडीमेड गारमेण्ट, होम टेक्सटाइल तथा एसेसरीज का प्रमुख योगदान है। इस वर्ष पहले 11 महिनों के कुल निर्यात 50.52 बिलियन डॉलर में 8.29 प्रतिशत योगदान केवल रेडीमेड गारमेंट, होम टेक्सटाइल तथा एसेसरीज का है। बांग्लादेश द्वारा अन्य देशों की तुलना में कम भाव रेडीमेड गारमेण्ट निर्यात किए जाने के कारण ही वहां से विश्व बाजार में वहां के उत्पादों की मांग बढ़ रही है। बांग्लादेश में श्रम लागत कम होने और सरकार की निर्यात को प्रोत्साहन की नीति के कारण से निर्यात में बढ़ोतरी हुई है, वरना वहां के गारमेण्ट निर्माता अधिकांश कच्चा माल जैसे कॉटन, यार्न आदि का आयात करते हैं।

# ब्रिटिश ब्राण्ड JOHN CAVENDISH का भारत में धमाकेदार प्रवेश

### 100 प्रतिशत वूल एवं वूल मिश्रित लग्जरी फैब्रिक के लिए प्रख्यात

JOHN CAVENDISH
Bespoke English Fabrics

**मुंबई/** 50 वर्षों से अधिक टेक्सटाइल व्यवसाय में भारत की प्रमुख कपड़ा कंपनियों में शुमार यश कॉटन कॉरपोरेशन अपने ग्राहकों को अपने ब्राण्डस् के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ फैशन फैब्रिक उपलब्ध कराने में अग्रणी पायदान पर रहा है। कंपनी के आज अनेक लग्जरी ब्राण्ड जैसे Nemesis, Spaadaa, Godstra, Yash Fab भारतीय फैशन बाजार के शीर्ष पर स्थित हैं और आज लग्जरी फैशन की दुनिया में एक नया बेंचमार्क बनने के कगार पर है।

ब्रिटिश ब्राण्ड JOHN CAVENDISH टेक्सटाइल क्षैत्र का पर्याय है। यह उत्तरी इंग्लैंड में स्थित होकर टेक्सटाइल हेरिटेज में शुमार की जाती है। जिस का उत्पादन इटली में भी है इसकी स्थापना वर्ष 1864 में यार्कशायर शहर के पश्चिम में हडरशील्ड नामक कस्बे में हुई जो कोलेन और होमे नदी के किनारे बसा हुआ है। यह इंग्लिश टेक्सटाइल इंडस्ट्री के हार्ट के रूप में भी विख्यात है। हडरशील्ड का वस्त्र उत्पादन का इतिहास काफी पुराना है क्योंकि पेनी हिल से बहने वाली लाइम स्टोन से होकर गुजरने वाली नदी में कच्ची ऊन की बेहतरीन धुलाई होती है, जिससे बेहतरीन वूल फैब्रिक का निर्माण होता है और इसी बेहतरीन वूल फैब्रिक का रूप JOHN CAVENDISH है। हाल ही में JOHN CAVENDISH ने यश कॉटन कॉरपोरेशन से मार्केटिंग व विपणन का अनुबंध किया है, जो भारत सहित अन्य देशों में प्रभावी है। श्री हरेश मेहता, श्री कमलेश मेहता और श्री अंकुर मेहता के सानिध्य में यश कॉटन कॉरपोरेशन देश को सर्वश्रेष्ठ उत्पाद प्रदान कर रही है। JOHN CAVENDISH की बुकिंग अगस्त से शुरू हो गई है, जो देश के टॉप रिटेल स्टोर्स पर सितंबर से उपलब्ध होना आरंभ हो जाएगी। JOHN CAVENDISH के कलेक्शन के अनुभव को ankur.mehta@yashcotton.com पर साझा करें।

### यश कॉटन कॉरपोरेशन के युवा डायरेक्टर श्री अंकुर मेहता की टीम JOHN CAVENDISH ब्राण्ड के साथ कार्यरत है

यश कॉटन कॉरपोरेशन व JOHN CAVENDISH अनुबंध हुआ है। इसके उत्तम किस्म के वूल एवं वूल मिश्रित उत्पाद विशिष्टता लिए हुए हैं और बहुत आराम देह हैं। JOHN CAVENDISH सूटिंग फैब्रिक पूरे विश्व में उपलब्ध है। JOHN CAVENDISH की डिजाइन टीम ट्रेण्ड के अनुरूप डिजाइन का उत्पादन करती है। इसकी हर डिजाइन में कलर की सभी रिटेलर्स द्वारा प्रशंसा की जाती है। इसके अतिरिक्त भारत के 3000 में से वे रिटेलर्स जो उच्च स्तरीय हैं, उनको चयन करेंगे। चूंकि वस्त्र और उसकी गुणवत्ता बेहतरीन है, तो उसका क्रेता को भी बेहतरीन एहसास होगा। इस अगस्त में जॉन JOHN CAVENDISH वूल एवं वूल मिश्रित उत्पाद इटली में निर्मित होते हैं, उनकी बुकिंग करेंगे और अगस्त व सितंबर में आगामी सर्दी से पहले गारंटी से इसकी डिलीवरी दे देंगे। इसके साथ ही इन दोनों श्रेणियों के उत्पादों की एक 'लुक बुक' (कैटलॉग) भी लांच करेंगे। इसके अतिरिक्त हमने चुनिंदा शहरों की रिटेलर्स को उसको दिखाना भी शुरू कर दिया है, जिसका हमें बेहतरीन रिस्पांस प्राप्त हो रहा है। रिटेलर जिसने इसके उत्पादों को छूकर देखा है, वह बहुत प्रसन्न हुआ है और बुकिंग की प्रतीक्षा कर रहा है। इसे लेकर हर व्यापारी आश्वस्त है कि वे JOHN CAVENDISH के उत्पाद अपने प्रतिष्ठान पर रखेंगे। इससे प्रमाणित होता है कि ये उत्पाद रिटेलर्स और उपभोक्ताओं के बीच शीघ्र ही लोकप्रिय हो जाएंगे।

## ANNIVERSARY BEST WISHES



"Many congratulations to Textile world and its team on its Silver Jubilee year of publication.

The Textile world for 25 years has done commendable work in bringing to Textile Industries information, reports and opinions so vital in this age of media.

Tessitura Monti has always appreciated the professional quality of its output and was very happy to collaborate with it in all these years.

On this commemorative occasion, we wish Textile World team greater success in times to come. Keep bringing to us the news about all kind of Textiles and keep expanding your readership!"

Best wishes.

**AKASH JAIN**
M.D., Tessitura Monti India Pvt. Ltd.



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

टेक्सटाइल उद्योग जगत के लोकप्रिय समाचार पत्र टेक्सटाइल वर्ल्ड को अपनी ख्याति के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बजाज फैब एवं जिन्दल फैब ग्रुप की ओर से ढेरों शुभकामनाएँ। आपने सदैव सभी पाठकों के लिए वस्त्र उद्योग की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई है, साथ ही इस कोरोना महामारी के दौरान भी आपके द्वारा डिजिटल न्यूज पेपर हम तक पहुंचाया गया। यह वाकई में एक नवाचार आपके द्वारा पेश किया गया, जिससे हम सभी टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े रहे। 26वें वर्ष में प्रवेश पर आपको एवं आपकी टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ।

**देवकीनन्दन जिन्दल**
एवं समस्त जिन्दल परिवार, मुंबई



**प्रिय टेक्सटाइल वर्ल्ड टीम,**

बोनारो वस्त्र उत्सव परिवार की ओर से आपको हार्दिक शुभकामनाएँ। आज हम गर्व से आपकी प्रकाशन यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हैं। टेक्सटाइल वर्ल्ड अखबार नवीनतम टेक्सटाइल समाचार एवं उद्योग में होने वाली गतिविधियों की सटीक जानकारी प्राप्त करने का उत्कृष्ट माध्यम साबित हुआ है।रजत जयंती के इस शुभ अवसर पर हम आपके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि आप अपने अखबार के माध्यम से टेक्सटाइल ट्रेड एवं उद्योग जगत की उच्च मानकों पर सटीकता और विश्वसनीयता के साथ खबरों का प्रकाशन करते रहेंगे।
धन्यवाद और शुभकामनाएँ!

**भरत हरियाणी**
बोनारो वस्त्र उत्सव



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

नमस्ते!
टेक्सटाइल वर्ल्ड को 25 वर्ष की सफलता के लिए हार्दिक बधाई! आने वाले 25 वर्षों के लिए हमारी शुभकामनाएँ!

**अभय कुमट**
TRUE VALUE - TRUE LINEN,
Mumbai



**प्रिय योगेन्द्र जी एवं सम्पूर्ण टेक्सटाइल वर्ल्ड टीम,**

टेक्सटाइल वर्ल्ड के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई। हमें आपका पेपर बहुत अच्छा लगता है। इतने अल्प समय में आपने जो ऊंचाइयों को छुआ है एवं आपने जिस प्रामाणिकता एवं कुशलता के साथ जो कार्य किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। आपने समय के साथ नई तकनीक का जो प्रयोग किया है, यह आपकी दूरदर्शिता का प्रमाण है।
हमारी तरफ से 26वें वर्ष के प्रवेश पर आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएँ एवं अभिनन्दन!


**किशोर कोठारी**
डायरेक्टर, रणजीत फैब इण्डिया एलएलपी, मुंबई



**Dear Yogendra Ji,**

Congratulations and best wishes to whole Textile world team,who made it possible. Hope Textile world team, in future will reach to more heights and do better for achieving milestone for century celebrations.Once again congratulations!

**Madan Gopal Kalra**
Director, Vikas Syntex, Bhilwara



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

**Textile World** के सफलतम 25 वर्ष पूरे करने पर R.R.Lene परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर करे, आप इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहें।
बाजार का रुख बहुत हद तक समाचार पत्र प्रभावित करते हैं। आपने हमेशा बाजार को सकारात्मक रखा है। आपने हमेशा सच को सुंदरता के साथ प्रस्तुत किया है, इसकी आपको बधाई! उम्मीद है, इस जज्बे को आप निरन्तर कायम रखेंगे।

**पारस शिखरचंदजी जैन**
डायरेक्टर, R.R.Lene परिवार, मुंबई



**प्रिय श्री योगेन्द्र जी,**

अत्यन्त हर्ष के साथ आपको एवं टेक्सटाइल वर्ल्ड टीम को सिल्वर जुबली वर्ष की हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। आपने सदैव उद्योग के लिए निष्पक्ष भाव से सकारात्मक समाचारों का प्रकाशन करते हुए टेक्सटाइल उद्योग के विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई हैं।
इस अवसर पर हम आपकी सच्ची पत्रकारिता की प्रशंसा करते हुए उत्तरोत्तर आपकी प्रगति की कामना करते हैं।

**गौरव पानगड़िया**
डायरेक्टर, शुभ लक्ष्मी सिंटेक्स लि., भीलवाड़ा



'टेक्सटाइल वर्ल्ड' अपने नाम के अनुसार कपड़ा-जगत की हर ज़रूरी खबर हमारे साथ साझा करता रहा है। मुझे ये जानकर बेहद खुशी हो रही है कि 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। सिल्वर जुबली के इस मौके पर मैं श्री योगेंद्र शर्मा जी सहित उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। यह सचमुच एक बड़ी उपलब्धि है। यह अखबार हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। इसके लेख, विश्लेषण, इमर्जिंग ट्रेंड्स के बारे में जानकारी व कपड़ा उद्योग में टेक्नोलॉजी के प्रयोग से जुड़ी ख़बरों ने समय-समय पर मुझे मार्गदर्शन दिया है और पूरी इंडस्ट्री की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई है।

**अजय अजमेरा**, फाउंडर एण्ड सीईओ
अजमेरा फैशन प्रा.लि., सूरत



**प्रिय भाईसाहब श्री योगेन्द्र जी शर्मा,**

टेक्सटाइल वर्ल्ड की स्थापना के 25 वर्ष सिल्वर जुबली पूर्ण होने पर अंतर्मन से हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई! भविष्य में भी टेक्सटाइल वर्ल्ड निरंतर इसी तरह से प्रगति करता रहे व कपड़ा जगत को प्रतिदिन नयी जानकारी देता रहे।
सधन्यवाद,

**संजय तुलस्यान**, श्री राणीसती मार्केटिंग सर्विसेज



Congratulations to whole team of Textile World for completing 25 years in textile field. You have made to come closer in every field of textile from manufacture to wholesaler to local retailers. Great Job, keep it up!
also wishes for your future.
Thanks & Regards

**J. Deepak**
Kamadhenu, Bangalore



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

**'टेक्सटाइल वर्ल्ड'** अखबार का टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने हेतु सराहनीय योगदान रहा और यह अपने 25 वर्ष का सफर पूरा कर चुका है। आशा है, भविष्य में भी कपड़ा व्यापार को जोड़ने व विकास के लिये 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' इसी तरह जानकारी प्रदान करता रहेगा। टेक्सटाइल वर्ल्ड के 26वें वर्ष में प्रवेश पर एसजीएस परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएँ।

**गणेश दास राठी**
डायरेक्टर, एसजीएस सिल्क मिल्स, मुंबई



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

सादर नमस्कार, मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि टेक्सटाइल क्षेत्र में आपका पाक्षिक समाचार पत्र टेक्सटाइल वर्ल्ड सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूर्ण करके 26वें वर्ष में पदार्पण कर रहा है। इस अवसर पर मेरी ओर से तथा मेरे प्रतिष्ठान मै. प्रभुजी टेक्स प्रा. लि. की ओर से हार्दिक बधाईयाँ एवं अभिनंदन स्वीकार करें। देशभर में टेक्सटाइल व्यापार संबंधी जानकारी एवं ट्रेण्ड्स, उत्पादन आदि के बारे में आपके समाचार पत्र के माध्यम से व्यापार जगत को तमाम सूचनाएँ मिलती रहती हैं, जो उपयोगी एवं सार्थक होती हैं।

**रामप्रसाद बिदावतका**
डायरेक्टर, प्रभुजी टेक्स प्रा. लि., मुंबई



On behalf of the entire Modella group, I would like to congratulate Textile World for their 25th jubliee. In a modern technologically driven atmosphere, the textile world has passed its obstacle and has estbalished itself as one of the most steady industry with keen consumers still interested in reading news magazines. A great journey has already embarked to reach the next milestone.

**Danish Arora**
Director, Uday Industries, Amritsar



**प्रिय योगेन्द्र जी,**

टेक्सटाइल वर्ल्ड के सफलतम 25 वर्ष पूर्ण होने पर शिवशक्ति सिन्थेटिक परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ। ईश्वर करें आप इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और नित नये आयाम स्थापित करते रहे।
एक बार पुनः हृदय से बधाई!

**अंकित अग्रवाल**, शिव शक्ति सिन्थेटिक

HARRESH & MEHTA'S INITIATIVE

# JOHN CAVENDISH

*Bespoke English Fabrics*

## ENTIRE INDIA IS LOOKING FORWARD TO THE LAUNCH OF JOHN CAVENDISH - AN ORIGINAL 100% BRITISH BRAND OF LUXURY WOOL AND WOOL BLENDED FABRICS



John Cavendish is the epitome of fine cloth manufacturing. It is a long established worsted producer with it's foundations deeply rooted in the rich textile heritage of the north of England & having a Production Mill in Italy as well. Residing in a Mill built in 1864, John Cavendish is located in the West Yorkshire town of Huddersfield which is situated at the convergence of the rivers Colen and Holme and is the world renowned heart of the English Textile Industry.



Huddersfield has a rich history of Cloth Production dating back many centuries as the water which flows from the Millstone Grit and Underlying Carboniferous Limestone of the Pennine hills, gives excellent results for the washing of raw wool, perfect for the delicate processes that provide the finishing touches to the worlds finest wool and worsted cloth. Thus was born a Brand that stands for Excellence in Pure Wool and Wool Blended Fabrics - John Cavendish.



*John Cavendish has Signed an Exclusive Licencing Agreement with Yash Cotton Corporation for Marketing and Distribution of its Products in India and Other Countries. Under the Leadership of Harresh Mehta, Kamlesh Mehta & Ankour Mehta, Yash Cotton Corporation has a legacy of offering the very best Suiting and Shirting to its Customers pan India. The Bookings for John Cavendish will begin this August and it will be available at the top most Textile Retail Stores from September onwards. For the John Cavendish Experience please mail: ankour.mehta@yashcotton.com*



Ankour Mehta, the Dynamic Young Director of Yash Cotton Corporation, is the driving force behind the John Cavendish Brand in India.

*"Yash Cotton Corporation is privileged to be associated with John Cavendish. The entire Range comprising of Pure Wool and Wool Blended Fabrics is truly exceptional and comparable to the most luxurious Suit Fabric Brands that are available across the World.*

*The Design Team at John Cavendish forecasts fashion trends with utmost precision, creating Designs and Weaves that are fashion trend setters. Each design and colour will most certainly be appreciated by each of our Retailers to whom we will be offering this Fine Brand.*

*Even though we have a network of more than 3000 Retailers across India, we will be targeting only those who have a clientele that appreciates and purchases high value Suit Fabrics. As for the Fabric Feel and Finish, all I can say is that one has to experience John Cavendish for yourself. Once you do so, you are bound to become it's Loyal Patron for life.*



*This August, we will be launching John Cavendish Pure Wool and Wool Blended Fabrics that are made in Italy, across various Centers in India and taking Bookings for the same. We guarantee confirmed delivery of all Orders in August & September itself which is apt for the upcoming Winter Season.*

*A Fashion Look Book for both these Product Categories will also be launched along with a John Cavendish Brand Film. We have already begun showcasing a Preview of John Cavendish Fabrics to our Select Retailers in various cities and the response has been overwhelming. Every Retailer who has experienced this luxury fabric in his hands is super excited and can hardly wait for the Bookings to begin. Each one has assured us that they will keep sufficient space reserved exclusively for John Cavendish in their stores.*

*This proves that John Cavendish is here to stay in India & will soon become one of most preferred Suit Fabric Brands not only amongst our Retailers but End Customers too"*

*- ANKOUR MEHTA*

**JOHN CAVENDISH**

*Bespoke English Fabrics*

*Exclusive Licencing Agreement*

YASHCOTTON CORPORATION

John Cavendish Limited
declares that under John Cavendish Supervision,
Yash Cotton Corporation, Mumbai, India
holds Exclusive Licence for Production and Distribution of
"Under John Cavendish Licence"
Bespoke English Fabrics for
*India, Indonesia, Thailand, Dubai, Cyprus, Jordan,*
*South Africa, Egypt, Morocco, Srilanka, Bangladesh & Nepal.*

*Authorized Signatory*

Stefano Trabaldo Togna

John Cavendish Limited
Heritage Exchange, Wellington Mills, 64 Plover Road, Huddersfield,
West Yorkshire - HD3 3HR, United Kingdom

## कुछ नया, कुछ अलग •

# प्रेम... हर मानव संबंध का केंद्र !



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

कहते हैं इस पृथ्वी की सारी प्रक्रिया सरल है लेकिन प्रेम करना बड़ा कठिन है। द्वेष करना, नफरत करना, निंदा करना बहुत ही सरल है। किसी को महोब्बत करना, स्नेह और संबंध एक दूसरे के पर्याय ही हैं। जीवन में हमने कई तरह के संबंध बना रखे हैं, जैसे पारिवारिक संबंध, वैवाहिक संबंध, व्यापारिक संबंध, सामाजिक संबंध आदि। ये संबंध हमारे जीवन की बहुत सारी जरूरतों को पूरा करते हैं। ऐसा नहीं है कि इन संबंधों में प्रेम जताया नहीं जाता या होता ही नहीं। बिलकुल होता है। प्रेम तो आपके हर काम में झलकना चाहिए। आप हर काम प्रेमपूर्वक कर सकते हैं, हमारा व्यापार-व्यवहार भी प्रेम के पथ पर ही चलना चाहिए और वो हमारे व्यवहार में आ जाना चाहिए। संसार में प्यार के कई पहलू को हम देखते हैं।

माँ और बच्चे का संबंध दुनिया में सबसे अलग और श्रेष्ठ है। इसका एकमात्र कारण प्रेम और ममता है। इस संबंध में अपार प्रेम शामिल है। माँ बच्चे को निःस्वार्थ प्यार करती है और बाद में इस प्यार को प्राप्त करती है। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हम दोस्त बनाते हैं, शिक्षक, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और कई अन्य लोगों से परिचित होते हैं। वह कौन सी चीज है जो हमें किसी व्यक्ति से खींचती है? यह उसका स्वभाव है। एक दयालु और प्यार करने वाला व्यक्ति सभी से प्यार करता है। हमारे अंदर का यह गुण ही हमें श्रेष्ठ व्यक्ति बनने में सहायता करता है।

हम अपने परिवार और दोस्तों से प्यार करते हैं। हम जरूरत के समय में उनके लिए हैं और हम उनकी मदद करने के लिए सबसे अच्छा करने की कोशिश करते हैं। यह हमारा पारस्परिक प्रेम ही दर्शाता है।

कई बार लोग अपने प्रियजनों से नाता तोड़ लेते हैं। यह संबंध में अधूरी उम्मीदों के परिणामस्वरूप होते हैं। परिवार से प्यार बनाये रखना हमारे श्रेष्ठ जीवन की नींव है। रिश्तों में कभी शिकायत नहीं करनी चाहिए और अपेक्षा हमारे प्रेम की शत्रु है। यहां हम प्रकृति से एक उदाहरण ले सकते हैं। प्रकृति प्रचुर मात्रा में हमें संसाधन देती है। यह बदले में कुछ भी प्राप्त करने के बारे में चिंता नहीं करती है। सूरज हर दिन उगता है, हवा इस बात की परवाह किए बिना कि वे अंकुरित होंगे या नहीं, बारिश के पानी को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने वाली हवा चलती है, बारिश बिना सोचे समझे होती है कि क्या बारिश का पानी बर्बाद हो जाएगा या अच्छे उपयोग के लिए डाल दिया जाएगा और पेड़ हमें बिना छांव दिए यह सोचकर कि क्या हम उन्हें पानी पिलाकर एहसान वापस करेंगे।

प्रकृति की तरह हमें भी प्रेम और आनंद को अपने आसपास फैलाना चाहिए। हमें इस बात की परवाह किए बिना निःस्वार्थ भाव से दूसरों से प्रेम करना चाहिए। हमें अपना काम करना चाहिए न कि दूसरों के व्यवहार पर जोर देना चाहिए। क्योंकि प्यार ही हर रिश्ते का आधार है।

व्यक्ति के आचरण में भी प्रेम व सद्भाव होना चाहिए। खाली दिखावटीपन से काम नहीं चलेगा। घर-बाहर सभी जगह विडंबनाओं और चुनौतियों से घिरे समाज में पारिवारिक संबंध भी तभी फलते-फूलते हैं , जब तक उसे हम सराहते रहें। निःस्वार्थ प्रेम ही संबंध की सबसे खूबसूरत खासियत बन जाती है।

जरा सोचिएगा कि हम इस संसार में आए हैं तो क्या साथ लेकर आए थे और क्या साथ लेकर जाएंगे? सबका सब यहीं का यहीं रह जाएगा। इतिहास में अब तक हमने देखा है कि कई राजा और रंक आए, और सबके सब धूल में मिल गए। कोई कुछ लेकर गया है क्या? फिर हम किस खेत की मूली हैं। और यह भी कि जिन-जिन का नाम आज तक जीवित है तो वह उनके श्रेष्ठ कर्मों के कारण ही जीवित है, न कि उनकी धन-दौलत के कारण। तो सभी कर्मों में प्रेम श्रेष्ठ है। प्रेम को बांटते हुए प्यार से जीना ही वास्तव में जीना होता है, बाकी तो सब यूँ ही जी रहे हैं।

मशहूर गीतकार श्री संतोष आनंद द्वारा लिखित मेरा बहुत ही प्रिय गाना आपके साथ साझा करके आज की बात का अल्प विराम करता हूँ।

इक प्यार का नगमा है
मौजों की रवानी है
इक प्यार का नगमा है
मौजों की रवानी है
जिंदगी और कुछ भी नहीं
तेरी मेरी कहानी है।
कुछ पाकर खोना है
कुछ खोकर पाना है
जीवन का मतलब तो
आना और जाना है
दो पल के जीवन से
इक उम्र चुरानी है
जिंदगी और कुछ भी नहीं
तेरी मेरी कहानी है।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# वस्त्र नगरी में योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर का भव्य आयोजन

**योग ऋषि स्वामी रामदेव के सानिध्य में हजारों योग प्रेमियों ने किया योगाभ्यास | टेक्सटाइल उद्यमियों का रहा विशेष योगदान**

भीलवाड़ा/ सत्यप्रकाश





पतंजलि योग समिति, भीलवाड़ा द्वारा विगत दिनों आदित्य विहार, हनुमान टेकरी के पीछे तेरापंथ नगर में त्रिदिवसीय योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग ऋषि स्वामी रामदेव ने हजारों लोगों को योग का अभ्यास कराते हुए कहा कि व्यक्ति को योग का अनुभव अभ्यास से ही होगा। जब तक योग नहीं करोगे, तब तक इसका महत्व व फायदा मालूम नहीं पड़ेगा। योग में सबसे ज्यादा उन्होंने प्राणायाम का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि योगासन एवं प्राणायाम से हमें कई रोगों से मुक्ति मिलती है। योग एवं आयुर्वेद से हम हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, मोटापा, किडनी, लीवर, फेफड़े आदि के रोगों से निश्चित रूप से मुक्ति पा सकते हैं। शिविर के आयोजन में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, युवा भारत, महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति, भारत विकास परिषद (विवेकानंद, सुभाष, प्रताप, शिवाजी, मीरा, आजाद शाखाएँ) हार्टफुलनेस, जीतो, जनहित योग एवं स्वास्थ्य प्रचार समिति का अहम् योगदान रहा। इस त्रिदिवसीय योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर में पतंजलि वैलनेस के अनुभवी वैद्यों द्वारा भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ घरेलू उपचार के नुस्खे भी बताए। शिविर के आयोजन में हरिद्वार से आए स्वामी परमार्थ देव महाराज, स्वामी आदित्य देव, स्वामी ऋतिदेव, स्वामी डॉ. संजय देव, स्वामी डॉ. विजय देव के साथ ही भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत एवं पतंजलि योग समिति भीलवाड़ा के अध्यक्ष श्री गोविंद प्रसाद सोडाणी, शिविर सचिव श्री भूपेंद्र मोगरा, शिविर संयोजक श्री रजनीकांत आचार्य की देखरेख में प्रतिकूल मौसम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिविर के सफल आयोजन में अहम् योगदान दिया। शिविर के आयोजन में टेक्सटाइल उद्यमी श्री अशोक कोठारी, श्री त्रिलोक छाबड़ा, श्री प्रकाश छाबड़ा, श्री संजय मुरारका आदि का भी विशेष सहयोग रहा।

**पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष श्री गोविंद प्रसाद सोडाणी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं का अतुलनीय योगदान...** पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष श्री गोविंद प्रसाद सोडाणी एवं सचिव श्री भूपेन्द्र मोगरा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का शिविर के आयोजन में अहम् योगदान रहा। मई माह के अंतिम सप्ताह में मौसम बिगड़ने के बावजूद योग समिति के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था को ऐसे संभाला जैसे कोई समस्या आई ही नहीं, हजारों योग प्रेमियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी। इस संदर्भ में समाज सेवी एवं सफल टेक्सटाइल उद्यमी श्री गोविंद प्रसाद सोडाणी ने कहा कि ईश्वर कृपा से जो जिम्मेदारी मुझे मिली, उसे पूरी तन्मयता के साथ निभाने की मैने भरपूर कोशिश की। मैं योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष मिले अतुलनीय सहयोग के लिए अभिभूत हूं।



### भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन से समाज को मिलेगी सही शिक्षा व दिशा

योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से समाज को सही शिक्षा व दिशा मिलेगी। भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से श्रेष्ठ विद्यार्थी तैयार किए जाएंगे, जो सनातन धर्म का गौरव बढ़ाएंगे। स्वामी रामदेव भारत सरकार एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयुक्त उपक्रम में गठित भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से नगर परिषद स्थित महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित भारतीय शिक्षा बोर्ड की विशिष्टताओं के संबंध में बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा बच्चों को स्वावलंबी बनाकर अपने पैरों पर खड़ा किया जाएगा। भारत के बच्चों को राष्ट्रवादी व स्वावलंबी बनाकर हम देश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएंगे। शिक्षा के बेहतर स्तर से ही हम देश में बहुत बड़ी क्रांति ला सकते हैं। हमारा ध्येय धन को सर्वोपरि मानना या प्राथमिकता देना ना हो, शिक्षा को सर्वोपरि मानना व प्राथमिकता देना हमारा ध्येय होना चाहिए। अब तक जो शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था है, हमें उसमें बदलाव लाकर देश को शिक्षा के मामले में अग्रणी बनाना है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें शिक्षकों की भूमिका काफी अहम् होगी। पतंजलि योग समिति भीलवाड़ा के अध्यक्ष श्री गोविंद प्रसाद सोडानी ने बताया कि बैठक में योग ऋषि स्वामी रामदेव के साथ ही सर्व श्री संत मायाराम, केसी सोडाणी, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष एनपी सिंह मंचासीन रहे।



**मानवता का दूसरा नाम गोविंद...** यह व्यक्ति समाजजनों में बहुत प्रिय है। एक तो कथनी और करनी समान है। दूसरा कारण हृदय में करुणा और संवेदना का सागर भरा हुआ है। मानवता से प्रेम है, सबसे अच्छी बात कृत्रिमता से कोसों दूर हैं। जो भी है, नैसर्गिक और स्वानुभूत है! आज आधुनिकता की दौड़ में रिश्ते बहुत पीछे छूट गए हैं, उस दौर में मानव मात्र की सेवा करना किसी सपने सा लगता है। गोविंद जी ऐसी शख्सियत है, जिनके सेवा प्रकल्पों की प्रशंसा स्वयं मानवता करती है। सेवा के मानक ऐसे ही लोगों द्वारा स्थापित होते हैं। सेवा वो नहीं, जो पांच व्यक्ति हाथ लगाकर मरीज को एक केला देते हुए फोटो सोशल मीडिया पर लगा दिया करते हैं। सेवा वो है, जो निरंतर एवं निस्वार्थ भाव से एक साधक की साधना की भाँति धरातल पर वास्तविकता से परिपूर्ण हो, चाहे कोरोना मे मानवता कि सेवा हो या पर्यावरण के कल्याण में वृक्षारोपण द्वारा वन देवी की साधना हो, आप कभी पीछे नहीं हटे। किसी के प्रति अगाध प्रेम और श्रद्धा हो तो आप उसकी प्रशंसा के नित नए तरीके खोजने लगते हैं। ऐसे मृदुल एवं प्रांजल भावनाओं के धनी, अपनी प्रज्ञा, प्रतिभा एवं परिश्रम से वैशिष्ट्य को प्राप्त, उदारमना व्यक्ति त्व, सर्वप्रिय आदरणीय गोविंद प्रसाद जी सोडाणी पर माँ शारदा और माँ लक्ष्मी की कृपा सर्वत्र बनी रहे।

## Yarn Rate+GST
यार्न रेट्स 20 जून, 2023

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 94141-12130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/18 Dyed | 190 |
| 2/40 Dyed | 275 |
| 2/30 Frosted | 228 |
| 2/30 Dyed Slub | ----- |
| 2/30 School Dress Clourer | 230 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 235 |
| 2/40 Dyed | 280 |
| 2/30 Frosted | 233 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 192 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 179 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 194 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 184 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 207 |
| 1/15 Poly Black | 134 |
| 20 PV Black | 173 |
| 15 PV Black | 172 |
| 2/18 S Navy 85:15 | 202 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 108-135 |
| 150 Roto Black | 104-145 |
| 150 Roto Bright | 117-141 |
| 150/250 Grey | 119-150 |
| 150/250 Dyed | 136-168 |
| 150 Fdy | 119 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 129 |
| 2/40 POLY | 178 |
| 2/15 Poly Grey | 122 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 120 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 57-95 |
| 6 CONE | 81-142 |
| 10 CONE | 94-182 |
| 2/4 CONE | 86-135 |
| 2/6 CONE | 83-156 |
| 2/8 CONE | 88-155 |
| 2/10 CONE | 105-215 |
| 2/20 CONE | 198-256 |
| 2/30 CONE | 285-374 |
| 2/40 CONE | 273-345 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 195 |
| 15 CONE | 200 |
| 20 CONE | 209 |
| 2/15 CONE | 209 |
| 2/40 CONE | 255 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/30 100% Polyester Gray | 177 |
| 2/30 65/35 Black | 235 |
| 2/30 65/35 Gray | 202 |
| 2/40 65/35 Black | 275 |
| 2/30 PV 65/35 Havy Dark Dyed | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 157 |
| 1/20 P/V | 149 |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 118 |
| **RSWM** | |
| 2/40 PV | 206 |
| 2/30 PV | 181 |
| **Mahabir** | |
| 15 PV | 144 |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 210 |
| 2/60 PVT | 280 |
| 2/60 Polyster | 240 |
| 2/80 PC Combed | 380 |
| 2/76 Polyster | 290 |
| 2/60 P.V. | 285 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 190+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 179+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 178+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### Kishangarh Yarn Bazar
PH. 98297-21313
JAGDISHKOTHIWAL CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 520 |
| 20 Patiyala ND | 556 |
| 20 Patiyala Silver | 173 |
| 20s Puja viscous | 558 |
| 16s cottspin | 500 |
| 20s Shri Mahadav | 556 |
| 23 JS Viscous | 543 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 500 |
| 20 OM Thread | 541 |
| 20 JS | 543 |
| 23 JS | 595 |
| 10 ARI | 88+GST |

GST Paid

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 208 |
| 1/14 OE | 215 |
| 1/16 OE | 220 |
| 1/20 OE | 240 |
| 30 KW | 290 |
| 30 CW | 310 |
| 2/40 CW ELLY | 310 |
| 30 CW COMPACT | --- |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 60 CW COMPACT | --- |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 142+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 132+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 127+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 235+GST |
| 2/18 P/V Black | 192+GST |
| 2/30 P/V Black | 260+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 203 |
| 7 OE | 205 |
| 8 OE | --- |
| 9 OE | --- |
| 10 OE | 210 |
| 10 Lycra | 285 |
| 16 Lycra | --- |
| 10 Slub Lycra | 315 |
| 16 Slub Lycra | ----- |
| **SRM SPINNERS LIMITED** | |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| 2/18 P/V Black | 210+GST |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.
PH. 94141 13144

Less 1 rs cd +12% gst
*Prices for forward booking ,Delivery after 7 days from confirmation *

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 2/30 poly @ | 160 |
| 2/20 poly @ | 150 |
| 2/15 poly @ | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 202 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 173 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 160+GST |
| 2/30 PV | 170+GST |
| 15S PV | 155+GST |
| 2/24 PV | 166+GST |
| 2/30 Polyester TFO | ----+GST |
| 2/20 Polyester TFO | ----+GST |

टेक्सटाइल वर्ल्ड
समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।
PHONE 01482-237165 |MOBILE 9468835188
417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001, (RAJ.)
E-mail: textileworldtw@gmail.com
Web: www.textileworld.org

# ‘सेना मित्र’ योजना का आगाज








टेक्सटाइल वर्ल्ड/ सतत सेवा संस्थान के ‘सेना मित्र’ प्रकल्प का नई दिल्ली स्थित ‘द लीला होटल’ में टेक्सटाइल ट्रेड फेयर के दौरान शुभारम्भ किया गया।

‘टेक्सटाइल वर्ल्ड’ के संस्थापक कवि श्री योगेन्द्र शर्मा राष्ट्र प्रेम की ओजपूर्ण कविता लेखन ही नहीं करते वरन् व्यवहारिक जीवन में भी देश भक्ति के नीचे है। सतत सेवा संस्थान के अध्यक्ष की भूमिका का श्रेष्ठ निर्वहन करते हुए संस्थान के माध्यम से एक स्तुत्य प्रकल्प ‘सेना मित्र’ का श्री गणेश किया।

सतत सेवा संस्थान के संस्थापक चन्द्रशेखर शर्मा ने ‘सेना मित्र’ के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि सम्पूर्ण देश एवं विदेशों में ‘सेना मित्र’ की वृहद् श्रृंखला तैयार की जाएगी। जन्मभूमि की रक्षा के लिए जो रात-दिन सीमाओं पर डटे हुए हैं और जो सैनिक मातृभूमि पर प्राण न्यौछावर कर देते हैं, उनको तथा उनके परिजनों को यह भरोसा या विश्वास दिलाने का नाम है ‘सेना मित्र’।

‘सेना मित्र’ तीन श्रेणियों में विभक्त होंगे। प्रथम वे लोग ‘सेना मित्र’ होंगे, जो प्रतिदिन न्यूनतम दो रूपये का अंशदान या प्रतिदिन दो मिनिट का समय दान देंगे। द्वितीय श्रेणी में ‘सेना मित्र परिवार’ बनाए जाएंगे। ऐसे परिवार जिसका प्रत्येक सदस्य सेना मित्र का गौरव रखता होगा। तृतीय श्रेणी में ‘सेना मित्र प्रतिष्ठान’ बनाए जाएंगे, जो व्यापारिक प्रतिष्ठान सेना को विशिष्ट सम्मान देते हुए ‘सेना मित्र’ का गौरव रखने वाले व्यक्तियों को अतिरिक्त सेवाएं तथा सुविधाए प्रदान करेंगे। इन तीनों प्रकार के सेना मित्रों के लिए आकर्षक प्रतीक चिन्ह तैयार किए जाएंगे।


‘सेना मित्र’ प्रकल्प सम्पूर्ण भारतवर्ष में एक अनूठा अभियान होगा। इस अभियान की भागीदारी व्यक्ति को आभास कराएगी कि हम सेना में भर्ती होकर सेवा न दे सके तो भी अब कोई गम नहीं है, क्योंकि हम सैनिकों एवं शहीद परिवारों के साथ ‘सेना मित्र’ का गौरव प्राप्त कर उनके साथ खड़े हैं।



GINI SINCE 1963 FABRICS
'STITCHED DIFFERENTLY'
greens
BAMBOO COLLECTION
Experience The Comfort
of our
New Bamboo Fabric Collection
CHOOSE FROM OUR EXCLUSIVE SHIRTING, SUITING & GIFTING FABRICS
Cotton | Hemp | Bamboo | Linen | Lyocell | Gini Whites | Khushboo | Aqua | Glacier | Ever Fresh
+ 912240750601
sales@ginitex.com (Domestic)
umesh@ginitex.com (International)
GINI TEX PRIVATE LIMITED:
413, Tantia Jogani ind Premises,
Sitaram Mill Compound, Near Lodha Group,
N.M Joshi Marg, Lower parel (E),Mumbai 400011.
/ginifabricsofficial/
/ginifabricsofficial
/company/ginifabrics/
linkedin
facebook
instagram
FOR TRADE ENQUIRIES
Sudhir Agencies (India) 6th Ganesh Wadi, 4th Floor, Mumbai - 400 002. Sudhir Bachhawat - 9819343909,
Jitender Bachhawat - 9930031999, Rajendra Malpani - 9819977707, Neeraj Vaid - 9322245369.




Sangam® SUITINGS
YOU ARE WHAT YOU WEAR
Value through values
spunshades
SANGAM (INDIA) LTD. Atun,
Chittorgarh Road, BHILWARA - 311001 (Raj.) India
E-mail : coordinationsales@sangamgroup.com, Visit us at www.sangamgroup.com, Phone: +91-1482-245500

RISHAB WORLD
The
Finest Italian Fashion
Fabrics
D&J
www.donandjulio.com
DonandJulio
Don & Julio
Call at +91 93219 14004 or email at crm@rishabworld.com





## ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक्स के मशहूर होलसेल ट्रेडर एवं सप्लायर

# जे.के. इंटरप्राइजेज

## ने अपने व्यापारियों को दिखाई फिल्म




SHYAM LAL® UNIFORMS

**दिल्ली/** कम्पलीट यूनिफॉर्म सॉल्यूशन सेंटर के रूप में मशहूर संस्थान जे. के. एंटरप्राइजेज यूनिफॉर्म के कारोबार में जाना माना नाम है। व्यवसायी श्री मनोज गोयल एवं श्री कुणाल गोयल के नेतृत्व में यह संस्थान विगत 30 वर्षों से यूनिफॉर्म सेक्टर की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रहा है। धुन के धनी एवं इरादों के पक्के श्री गोयल ने सदैव क्वालिटी प्रॉडक्ट की सप्लाई को प्राथमिकता देते हुए ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक निर्माताओं के माल की उपलब्धता अपने संस्थान पर सुनिश्चित की। युवा व्यवसायी श्री कुणाल गोयल ने अपने पिताजी द्वारा स्थापित कारोबार का विस्तार करते हुए पूरे भारत में यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की सप्लाई का लक्ष्य हासिल किया तथा संस्थान से जुड़े व्यापारियों को अच्छी क्वालिटी के यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की सप्लाई एवं बेहतर सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत हैं। श्री गोयल के अनुसार जे.के. एंटरप्राइजेज द्वारा **श्यामलाल ब्राण्डनेम** से यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज उत्पादित की जा रही है, जिसमें स्कूल एवं कॉरपोरेट सेक्टर के लिए उच्चतम क्वालिटी का यूनिफॉर्म फैब्रिक्स उत्पादित किया जा रहा है।

**ब्राण्डेड यूनिफॉर्म फैब्रिक्स...** जे. के. एंटरप्राइजेज पर शुरुआती दौर से यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में उच्चतम क्वालिटी बनाने वाले ब्राण्ड्स का काम किया जा रहा है। श्री मनोज गोयल ने बताया कि संस्थान पर वालजी, स्पर्श फैब, मफतलाल, संगम आदि ब्राण्ड्स का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसके अलावा इनके स्वयं के ब्राण्ड **श्यामलाल यूनिफॉर्म** में भी यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज उत्पादित की जा रही है।

**वन स्टॉप सॉल्यूशन...** दिल्ली में उच्चतम क्वालिटी के यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की वाजिब दरों में उपलब्धता के लिए मशहूर संस्थान जे. के. एंटरप्राइजेज सालों से स्कूल, कॉलेज, होटल, हॉस्पिटल सहित कॉरपोरेट सेक्टर के लिए हाई क्वालिटी फैब्रिक्स का डेस्टिनेशन है, वहीं यूनिफॉर्म ट्रेड में यह संस्थान वन स्टॉप सॉल्यूशन माना जाता है।



















**फिल्म 'आदिपुरुष' का किया स्पेशल शो बुक...** 18 जून को जे. के. एंटरप्राइजेज ने अपने व्यापारियों को सपरिवार रामायण पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदिपुरुष' दिखाई। श्री मनोज गोयल ने सिने पोलिस मल्टीप्लेक्स में 170 सीटें बुक की। इससे पहले तीन साल पूर्व भी श्री गोयल अपने व्यापारियों को 'वार' फिल्म दिखाई थी। श्री गोयल ने कहा कि व्यापार तो हम साल भर करते हैं परंतु कुछ काम व्यापार से हटकर भी होने चाहिए। व्यापारियों से पारिवारिक संबंध स्थापित हों, व्यापारियों से मधुर संबध कायम हो, साथ ही एक दूसरे के सुख दुख में हम भागीदार बनें, इसी सोच के चलते हम इस तरह की एक्टिविटीज करते रहते हैं। इस दौरान व्यापारियों द्वारा बड़ी संख्या में फिल्म देखने का माहोल भी एक अलग ही अनुभव रहा। व्यापारियों ने भी फिल्म देखकर खुशी जाहिर की तथा श्री मनोज गोयल एवं श्री कुणाल गोयल को परिवार सहित फिल्म दिखाने के लिए धन्यवाद दिया।






















SHYAM LAL UNIFORMS **J.K. ENTERPRISES** 1018, Katra Ghee, Tilak Bazar, Delhi-110006, Phone: 42434454
Website: www.shyamlaluniform.com | Email-shyamlaluniform@gmail.com
